दैनिक न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, रविवार 28 मई 2023

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रीबीएड, प्रीडीएलएड और नर्सिंग कोर्स के ऑनलाइन आवेदन की आज अंतिम तिथि

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल नवा रायपुर के द्वारा प्रीबीएड,प्रीडीएलएड, बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक नर्सिंग कोर्स के लिए ऑनलाइन आवेदन 28 मई 2023 तक आमंत्रित किया गया है। आवेदन 13 मई से प्रारंभ हो चुकी है। त्रुटि सुधार 29 मई से 31 मई 2023 तक किया जा सकता है। प्रीबीएड,प्रीडीएलएड, परीक्षा की संभावित तिथि 17 जून 2023 है। प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि 09 जून 2023 है। इसी प्रकार बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग कोर्स के लिए परीक्षा की संभावित तिथि 24 जून 2023 है। प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि 16 जून 2023 है। विस्तृत जानकारी व्यापमं की वेबसाईट https://vyapam.cgstate.gov.in/ पर उपलब्ध है।

### आदिवासी विकास विभाग में रिक्त पदों के लिए जारी विज्ञापन हुए निरस्त

**रायगढ़।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत शीघ्र लेखक ग्रेड-3, सहायक ग्रेड-3, डाटा एन्ट्री आपरेटर, वाहन चालक एवं भृत्य के रिक्त पदों के लिए सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी की गई थी, जिसके लिए 31 मई 2023 तक आवेदन मंगाए गए थे। उक्त विज्ञापन को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है। आरक्षण रोस्टर के आधार पर नवीन संशोधित विज्ञापन की सूचना शीघ्र ही पृथक से दी जाएगी।

### बाइकर्स का आतंक : बीच सड़क पर युवक को मारा चाकू

**रायपुर (आरएनएस)।** सेजबहार थाना क्षेत्र अंतर्गत गुलशन वाटिका के निकट कल पल्सर बाइक सवार दो युवकों ने एक बाइक सवार के साथ मारपीट करते हुए चाकू मारकर हत्या का प्रयास किया। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर पल्सर सवार आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी संतोष सिंह पिता एचविन सिंह निवासी एलआईजी हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार मुजगहन कल शाम अपनी बाइक से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान गुलशन वाटिका के निकट देवांगन किराना स्टोर्स के पास आरोपी पल्सर बाइक सवार देवनारायण साहू व दुर्गेश साहू ने प्रार्थी के सामने कट मारकर ओवर टेक किया, इससे प्रार्थी हड़बड़ा गया और उसने आरोपियों को गाड़ी धीरे चलाने कहा। इसी बात को लेकर आरोपी भडक़ गए और प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुए चाकू निकालकर हत्या की नीयत से हमला कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रयास करने का अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

### अनियंत्रित ट्रेलर जा घुसी फल दुकान के अंदर, बाल-बाल बची महिला

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा जिलान्तर्गत कटघोरा नगर में एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। बिलासपुर की ओर से आ रही ट्रैलर अनियंत्रित होकर कसनिया-लखनपुर मार्ग पर एक फल दुकान के अंदर जा घुसी। दुकान में बैठी महिला ट्रेलर की चपेट में आते-आते बची। इस दुर्घटना में कसनिया निवासी सुनीता भास्कर को मामूली चोट आई है। घटना की जानकारी पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची जहां घायल महिला को तत्काल कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां महिला का प्राथमिक उपचार किया गया। बता दें की कटघोरा शहर में नो एंट्री के बाद भी भारी वाहनों की आवा-जाही निरंतर जारी है। जिससे दुर्घटनाओं का खतरा हमेशा बना रहता है। प्रशासन को नो एंट्री पर लगाम लगाने व 24 घण्टे के नो एंट्री की समय सीमा पर संशोधन करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

# युवाओं के उद्यमी बनने का सपना साकार करती रीपा योजना : रीपा में जगह मिलने से उत्पादन में हुई बढ़ोतरी

- शासन की रीपा योजना से स्थानीय उद्यमिता को मिला बढ़ावा
- राकेश साव एवं प्रभात पटनायक अपने कार्य के माध्यम से दे रहे अन्य युवाओं को रोजगार






**रायगढ़।** ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) प्रारंभ किया गया हैं। जिसके माध्यम से ग्रामीण एवं युवाओं को लघु उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित करना है। इस योजना के तहत जिले के 7 ब्लॉकों में कुल 14 रीपा प्रारंभ किए गए है, जिसमें से रीपा तमनार भी एक है। यहां स्थानीय युवाओं, ग्रामीणों द्वारा औद्योगिक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इससे व्यवसाय के साथ अन्य लोगों को भी रोजगार मिल रहा है।

रीपा के प्रारंभ होने से जहां शिक्षित युवा, बेरोजगार, ग्रामीण सभी को रीपा में व्यवसाय प्रारंभ करने का अवसर मिल रहा है। वही स्व-सहायता समूहों की महिलाओं और अन्य युवाओं को रोजगार के साथ स्थानीय स्तर पर आय के अच्छे अवसर भी मिल रहे हैं। जिले में रीपा के अंतर्गत फ्रेब्रिकेशन, कंप्यूटर सेंटर, आटा-चक्की, दाल मिल, तेल मिल, फेंसिंग तार, एल्मूनियम सेक्शन, सिलाई, फ्लाई ऐश ब्रिक्स, सीमेंट पोल जैसी विभिन्न गतिविधियां संचालित कर अच्छी आय अर्जित की जा रही है। उद्यमियों के लिए व्यवसाय के अनुकूल बनाने रीपा में शासन द्वारा शेड, आधारभूत संरचना, विद्युत, पानी, रोड जैसी तमाम सुविधाएं उपलब्ध की गई है। जिससे रीपा के माध्यम से लघु उद्योग को बढऩे का मौका मिल रहा है। रीपा की गतिविधियों के संचालन से स्थानीय लोगों को रोजगार से अच्छी आय प्राप्त हो रही है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति भी अच्छी हो रही है।

रीपा तमनार में एल्मूनियम सेक्शन का कार्य करने वाले राकेश साव कहते है, पहले तमनार में उनका शॉप था, पर्याप्त जगह की कमी, ध्वनि प्रदूषण से अन्य लोगों को परेशानी से काम प्रभावित होता था। लेकिन आज रीपा में काम करने से सारी दिक्कतें खत्म हो गई है, आज यहां दिन भर काम कर सकतें है, जिससे उत्पादन बढ़ा है। पहले वो डिमांड की पूर्ति नहीं कर पाते थेए लेकिन आज वे डिमांड की पूर्ति कर पा रहे है। काम के बढऩे से आज वे अन्य 8-10 लोगो को रोजगार दे रहे है एवं गत माह उन्होंने 5 लाख से अधिक का व्यवसाय किया था।

इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त प्रभात पटनायक रीपा में फेब्रिकेशन का कार्य करते है, पहले जगह काम होने से कार्य प्रभावित होता था, लेकिन रीपा में कच्चा मटेरियल रखने के लिए पर्याप्त जगह है, उनकी कार्य क्षमता बढ़ा है। जिससे अन्य 5 लोगों को रोजगार दिए है। वे राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य भी है, जिससे वे सामाजिक गतिविधियों में भी जुड़े रहते है। इसी प्रकार श्याम सुंदर शिक्षण समिति तमनार (इंडियन कंप्यूटर सेंटर) के गंगा दिलीप साव बताते है कि वे रीपा में कंप्यूटर प्रशिक्षण सेंटर का संचालन कर रहे है। वर्तमान में बच्चों की संख्या अच्छी है, लेकिन वे मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना से जुड़कर बच्चों को नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान करना चाहते है, ताकि अधिक से अधिक बच्चों को कंप्यूटर प्रशिक्षण का लाभ मिल सके।

## कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने ली पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की बैठक



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मनरेगा, पीएमआवास योजना (ग्रामीण) और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)अंतर्गत छत के निर्माण एवं हितग्राहियों को भुगतान की जाने वाली राशि के संबंध में डाटा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वृक्षारोपण नर्सरी एवं नदी तट संरक्षण महाअभियान के कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने गौठानों के समीप स्थित तालाब जिनमें मछली पालन का कार्य लिया जा रहा है, उन तालाबों की संख्या एवं कार्य के संबंध में संबंधित विभागीय पदाधिकारियों से जानकारी ली। कलेक्टर डॉ सिद्दकी ने प्रोजेक्ट उन्नति के तहत प्रशिक्षण प्राप्त हितग्राहियों की संख्या, आधार प्रविष्टि, एरिया ऑफिसर एप्प में आफिसर्स के निरीक्षण के आंकड़े, वन अधिकार पत्रधारियों के जमीन पर कार्य उपलब्ध कराए जाने की जानकारी, अपूर्ण आवासों की संख्या, स्वीकृत आवास के विरुद्ध आधार सीडिंग, रेट्रोफिटिंग अंतर्गत टायलेट निर्माण की प्रगति रिपोर्ट, व्यक्तिगत, पारिवारिक एवं सामाजिक शौचालय निर्माण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सेग्रिगेशन शेड की स्वीकृति की स्थिति, बायोगैस संबंधी कार्य, ओडीएफ-प्लस, स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) योजना के कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर नोडल अधिकारी (पंचायत) हरिशंकर चौहान, जिले के तीनो जनपद सीईओ एवं परियोजना अधिकारी, कार्यक्रम प्रबंधक, सभी एसडीओ एवं अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## सहजपाली समूह की महिलाओं के लिए गौठान बना आत्मनिर्भर बनने का जरिया




**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजनान्तर्गत उत्पादित वर्मी कम्पोस्ट खाद किसानों के लिए लाभप्रद है। जिले के किसान रासायनिक ऊर्वरक के बजाय वर्मी कम्पोस्ट खाद का उपयोग करने लगे हैं, जिससे जैविक फसल उत्पादन को बढ़ावा मिला है और किसान परिवारों सहित अन्य लोगों को जैविक खाद का पौष्टिक चावल एवं साग-सब्जी सुलभ हो रहा है। जिले के बरमकेला स्थित सहजपाली गौठान में समूह की महिलाओं द्वारा उत्साहित होकर गौठान में वर्मी खाद बनाया जा रहा है एवं उसका उपयोग खेतों में किया जा रहा है। साथ ही साथ लगभग दो एकड़ की जमीन पर पत्तगोभी, टमाटर, भिंडी एवं अन्य सब्जियों की खेती सीजन सीजन में की जा रही है। गौठान के संचालक, गौठान समिति के सदस्य एवं समूह की महिलाओं द्वारा तन्मयता से गौठान में नियत कार्य किए जा रहे हैं। उनके गोठान में जब सब्जी उत्पादन करते हैं तो बाजार से सब्जियाँ खरीदने की जरूरत नहीं पड़ती है।

वे खुद इन सब्जियों को गौठान में निर्मित वर्मी खाद से सिचिंत पोषित करती हैं। इसके अलावा गौठान में निर्मित मल्टी एक्टिविटी शेड में थैला(कैरी बैग) यूनिट का कार्य भी सुचारू रूप से किया जा रहा है, जिससे सीधे-सीधे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। गौठान समिति के सदस्य महिलाएं काम करने के लिए हमेशा तैयार रहती हैं। उनके आजीविका गोठान से जुड़ा है, मन लगाकर वे अपना काम करती हैं। इसलिए गौठान में सभी चीजें सुचारू रूप से समय पर होती रहती हैं। निश्चित रूप से राज्य शासन की गोधन न्याय योजना से गौठान की महिलाओं में पहले से कहीं अधिक आत्मविश्वास बढ़ा है और गौठान में कार्य करते हुए मिल रहे आर्थिक लाभ से उनके जीवन स्तर में भी सुधार आया है। इस योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक बदलाव दिखाई दे रही है।

### समूह के महिलाओं को जैविक खाद निर्माण से हो रही अतिरिक्त आमदनी

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए की गई आधारभूत और महत्वपूर्ण कार्यक्रम 'नरवा गरवा घुरूवा बारी' राज्य के गांव-गांव में चल रहे हैं। पशुपालकों से गोबर खरीदना और स्वसहायता समूह को खाद बनाने के लिए देना, समूह द्वारा समिति को बेचना, समिति से किसानों को बिक्री ये एक उत्पादन से विक्रय का एक कारीडोर बनाया गया है। पशुपालकों और स्वसहायता समूह के खातों में राशि का भुगतान ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार हो रहा है, वहीं खेतों में जैविक खाद का उपयोग कर, वर्षों से रासायनिक खाद से हुई उपजाऊ क्षति को दूर किया जा रहा है।

## नाबालिग के अंधे कत्ल का खुलासा : चचेरी बहन निकली मासूम की कातिल

- चिराईपानी के प्राथमिक शाला में मिला था 11 वर्षीय नाबालिग का शव, 24 घण्टे के भीतर आरोपिया गिरफ्तार



**रायगढ़।** जिला मुख्यालय रायगढ से करीबन 10 कि0मी0 की दूरी पर थाना कोतरा रोड क्षेत्र के ग्राम चिराईपानी के शासकीय प्राथमिक शाला भवन में उस समय सनसनी फैल गयी जब निर्माणाधीन स्कूल के भीतर 11 वर्षीय नाबालिक का शव मिला। जैसे ही सूचना पुलिस को मिली रायगढ जिले के संवेदनशील वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के द्वारा संजय महादेवा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ थाना कोतरा रोड के पर्यवेक्षण अधिकारी निकिता तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक (आईयूसीएडब्ल्यू) रायगढ एवं उप निरीक्षक गिरधारी साव थाना प्रभारी कोतरा रोड को अंधे कत्ल को सुलझाने हेतु दिशा निर्देश दिये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ के दिशा निर्देशन पर हर एक पहलुओ पर बारिकी एवं सुक्ष्मता पूर्वक विवेचना की गई मौके पर फोरेंसिक एक्सपर्ट, डॉग स्काड, साईबर सेल की टीम एवं संभागीय फिंगर प्रिंट की मदद ली गई, घटना के संबंधित बिन्दुओ पर पूछताछ करने पर पाया गया कि घटना दिनांक 24. 05.2023 की शाम मृतक के शव के पास अंतिम बार भारती चौहान नामक लडकी को देखा गया जिसे दृष्टीगत रखते हुए भारती चौहान को मौके पर तलब कर पूछताछ किया गया, शुरूआत में भारती उर्फ उमा चौहान के द्वारा पुलिस को गुमराह कर प्रकरण के विवेचना में भटकाया गया, उमा चौहान के द्वारा बताये गये सभी तथ्यो की तस्दीक की गई, पाया गया कि करीबन दो माह पूर्व मृतक के निवास से करीबन दस हजार रूपये की चोरी हुई थी, भारती उर्फ उमा चौहान का मृतक के घर अक्सर आना जाना था कि मृतक के माता, मृतक के द्वारा भारती चौहान को कहा गया कि आप ही हमारे घर आते हो पैसा चोरी आप ही के द्वारा किया गया है, आप चोरनी हो इस बात से क्षुब्ध होकर भारती चौहान के द्वारा बदला लेने के लिए मृतक जो कि रिश्ता में चचेरा भाई है उसे अपने योजना बनाकर निर्माणाधीन स्कूल भीतर ले जाकर बरामदा में गला को दबा कर पत्थर एवं गुप्ती से मारकर हत्या कर दी एवं शव को बरामदे से खींच कर स्कूल भीतर कमरे में रख कर अपने घर चली गई, कि शव पंचनामा कार्यवाही उपरांत पी०एम० रिपोर्ट प्राप्त हुआ, डाक्टर द्वारा अपने रिपोर्ट में मृतक के गले की हडडी टूटने, श्वास अवरोध होने एवं मृतक की मृत्यु हत्यात्मक होने की पुष्टि की गई है, आरोपिया भारती उर्फ उमा चौहान पिता रामलाल चौहान उम्र 19 वर्ष निवासी चिराईपानी थाना कोतरा रोड जिला रायगढ छ०ग० को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ किया गया, जो अपना जुर्म कबुल की घटना में प्रयुक्त ईट का टूकडा, लोहे की गुप्ती तथा घटना के समय पहनी हुई हाफ पेट, टी शर्ट जिसमें खून का दाग लगा है। को भी बरामद कराई, प्रकरण की विवेचना पर आरोपिया के विरूद्ध प्रथम दृष्टया गिर० योग्य साक्ष्य पाये जाने पर गिर0 किया गया है, जिसे न्यायिक रिमाण्ड पर पेश किया जाता है। पर्यवेक्षण अधिकारी निकिता तिवारी के टीम उप निरी0 गिरधारी साव थाना प्रभारी कोतरा रोड, सउनि0 राजेन्द्र प्रसाद राठौर, सउनि० कुसुम कैवर्त, प्र0आर0 प्रेम सिंह सिदार, आर० गोविंद पटेल, आर0 संदीप कौशिक, आर० कमलेश यादव, आर0 देव कुमार सोनवानी, आर० दिलीप सिदार, म०आर० आशा सिदार, म०आर० श्यामा सिदार, म०आर० सुनिता लकड़ा के साथ साईबर सेल की टीम, महिला सेल रायगढ की टीम के द्वारा लगातार प्रयास किया गया, परीणाम स्वरूप अंधे कत्ल के आरोपिया को 24 घण्टे के भीतर रायगढ पुलिस के द्वारा सलाखो के पीछे पहुचाया गया, जिसे ग्राम चिराईपानी किरोडीमलनगर क्षेत्र की जनता द्वारा मुक्त कंठ से रायगढ पुलिस की सराहना की, रायगढ पुलिस के इस कार्यवाही से आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास में ढोतरी हुई है।

## अनुदान दिलाने के नाम पर ठगी की मिली शिकायत, की जा रही कानूनी कार्यवाही

- मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने की लोगों से सतर्क रहने की अपील

**रायगढ़।** मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ शिवकुमार राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सारंगढ़-बिलाईगढ़ के द्वारा संचालित सूक्ष्म लघु मध्यम उद्योगों को अनुदान दिलाने के नाम पर किसी भागीरथी साहू नाम के द्वारा ग्राम-छिंद तथा अन्य ग्रामों के कुछ व्यक्तियों से 5-5 हजार रुपये राशि लिए जाने की सूचना मिली है। विभाग द्वारा इस घटना को लेकर संज्ञान में लेते हुए कानूनी कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में विभाग द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि अभी सारंगढ़-बिलाईगढ़ में कार्यालय नहीं खुला है, बल्कि वर्तमान में अविभाजित जिला रायगढ़ से ही कार्य किया जा रहा है। एमएसएमआई की योजना उद्योग विभाग द्वारा संचालित नहीं है, न ही ऐसा कोई व्यक्ति उद्योग विभाग में कार्यरत है। शासन की समस्त योजनाएं ऑनलाईन है इसमें किसी अन्य व्यक्ति की कोई भूमिका नहीं होती है। विभाग से संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं की अनुदान राशि डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर द्वारा बैंक खाते में किया जाता है। ऋण या अनुदान दिलाने के नाम पर राशि देने के भ्रामक समाचार से जनसामान्य सावधान रहे।

## सिपेट के कोर्सों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय भारत सरकार ने शैक्षणिक वर्ष 2023-24 अंतर्गत विभिन्न कोर्सों में एडमिशन प्रवेश परीक्षा (सिपेट एडमिशन टेस्ट 2023) के लिए 28 मई 2023 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। पूरे देश में सिपेट की प्रवेश परीक्षा 11 जून 2023 को होगी। अगस्त 2023 के पहले सप्ताह में पाठ्यक्रमों में प्रवेश होगी। सिपेट द्वारा एसटी, एससी और ओबीसी वर्ग के आवेदकों को प्रशिक्षण के साथ छात्रवृत्ति और 100 प्रतिशत रोजगार मुहैया कराया जाता है।

सिपेट में दसवीं, बारहवीं और स्नातक उत्तीर्ण के लिए डिप्लोमा, पोस्ट डिप्लोमा ओर स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम शामिल है। दसवी उत्तीर्ण के लिए 3 वर्षीय कोर्स डिप्लोमा इन प्लास्टिक मोल्ड टेक्नोलॉजी (डीपीएमटी) और डिप्लोमा इन प्लास्टिक टेक्नोलॉजी (डीपीटी) है। विज्ञान में 3 वर्ष की डिग्री (बीएससी) उत्तीर्ण के लिए 2 वर्षीय कोर्स पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन प्लास्टिक प्रोसेसिंग एंड टेस्टिंग (पीजीडी-पीपीटी) है। उपरोक्त सभी कोर्सों के लिए कोई आयु सीमा नहीं है। उपरोक्त सभी पाठ्यक्रम एआईसीटीई नईदिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त है। सिपेट की वेबसाईट सिपेट डॉट जीओव्ही डॉट इन है। छत्तीसगढ़ में सिपेट-आईपीटी रायपुर और सिपेट-सीएसटीएस कोरबा संस्थान है। विस्तृत जानकारी के लिए रायपुर के मो.नं.-9158232253, 9301066759, 8827671703, 7000894929 और कोरबा के मो. नं. 8966000083, 8878607667, 9399227305, 9422802207 से संपर्क कर सकते हैं।

## शर्बत-ए-मोहब्बत से मुस्लिम समाज करेगा राष्ट्रीय रामायण महोत्सव में आगंतुकों का संस्कारधानी रायगढ़ में स्वागत, गंगा-जमनी तहजीब की मिसाल बनेगा महोत्सव

- मेलमिलाप की संस्कारधानी की परंपरा की झलक दिखेगी महोत्सव में

**रायगढ़।** राम कथा में कई प्रसंगों में राम के वन गमन व सीता माता की खोज के दौरान विभिन्न समुदायों के लोगों का जिक्र है जो उनके उद्देश्य पूर्ति में साथ जुड़ते चले जाते हैं। चाहे वह निषादराज हों जो वनवास में जा रहे राम, माता सीता और लक्ष्मण को गंगा जी पार करवाते हैं या शबरी जिन्होंने सीता की खोज में निकले राम को प्रेम से बेर खिलाए और आगे की राह बताई।

इसी में एक प्रसंग आता है। राम लंका के लिए सेतु निर्माण के लिए अपनी वानर सेना को निर्देशित करते हैं। सब जुट जाते हैं। एक गिलहरी भी इसमें सहयोग करने आगे बढ़ती है। उससे पूछा जाता है कि ऐसा क्यों, उसका जवाब होता है। शुभ कार्य में यथा संभव जितनी हिस्सेदारी हो उतना अच्छा, ऐसा राम का चरित्र है। उनके पुनीत उद्देश्यों के लिए सभी वर्ग आगे आये और रामायण की कथा में राम सबके साथ उद्देश्यपूर्ति करते हैं।

कुछ इसी तरह से रायगढ़ में हो रहे राष्ट्रीय रामायण महोत्सव में भी हर वर्ग इसी तरह से आयोजन को सफल बनाने अपनी भागीदारी के लिए पहल कर रहा है। सफल आयोजन के लिए विभिन्न समुदाय जुटे हुए हैं। मुस्लिम समुदाय यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शर्बत ए मोहब्बत रखेगा। भीषण गर्मी में लोगों को तर करने यह पेशकश होगी।

रायगढ़ के शेख सलीम नियारिया ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल से रायगढ़ के रामलीला मैदान में 1 से 3 जून तक भव्य रामायण महोत्सव के आयोजन में मुस्लिम समाज प्रदेश और जिले से आने वाले आगंतुकों का स्वागत शर्बत-ए-मोहब्बत से करेगा। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए फक्र की बात है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के आयोजन के लिए कला और संस्कृति की नगरी रायगढ़ को चुना है।

यह रायगढ़ की तहजीब है जहां सब मिलकर रहते हैं। सुखदुख में साझीदारी करते हैं। इन सुंदर सरोकारों ने ही रायगढ़ को संस्कारधानी बनाया है। 3 दिनों तक चलने वाले इस भव्य आयोजन में श्रीराम के चरित स्मरण से संस्कारधानी की यह परंपरा और मजबूत होकर उभरने वाली है।

राम कथा की यह विशेषता है कि इस कथा के श्रवण से श्रीराम के आदर्श हमारे मन के भीतर घुलने लगते हैं। उनके सामूहिक नेतृत्व का चरित्र और सबको साथ में लेकर सबकी प्रतिभा को निखारकर मानव जाति में सत्य के मूल्यों की स्थापना का उनका संकल्प जब विजयी होता है तब आम आदमी भी स्वयं की सात्विक शक्ति को महसूस करता है।

राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के आयोजन के पीछे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा यही है। हम अपनी श्रेष्ठ परंपराओं को गहराई से जाने। राम के उदार, उदात्त चरित्र को बारीकी से समझें। जब राम को गहराई से जानेंगे तभी तो हम सुराज के सपनों को साकार करने बढ़ सकेंगे। यह ऊर्जा संचार का महोत्सव है। श्रीराम के उत्तम जीवन चरित को अपने जीवन में उतारें और शुभ संकल्पों से राष्ट्र को मजबूत बनाएं।

रायगढ़ जिस तरह उत्साह से दमक रहा है और सभी समुदायों के लोग प्रशासन के साथ इस भव्य आयोजन को सफल करने रात दिन कड़ी मेहनत कर रहे हैं उससे साफ है कि रामायण महोत्सव अपने शुभ संकल्पों को पूरा करने में सफल होगा और सबकी साझेदारी से राम के बहुआयामी चरित्र की बारीकियों की हमारी समझ कुछ और बेहतर होगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480